वागड़ संदेश

Tital Code : RAJHIN27802

www.wagadsandesh.com

जन मन की आवाज

सम्पर्क

ई-पेपर मे खबरे व विज्ञापन के लिये सम्पर्क करें

ई-मेल - editorwagadsandesh@gmail.com

8890633631
9309255545
6351581818

वर्ष-2 अंक-19 सांगवाड़ा,सोमवार,3 अक्टूबर, 2022 भाषा : हिन्दी ई-पेपर अवधि:(वार्षिक) मूल्य-10 रु. पृष्ठ-1

राष्ट्रपिता को नमन- दांडी यात्रा के स्टेचू पर माल्यार्पण कर श्रद्धांजलि अर्पित की

नगरपालिका अध्यक्ष नरेंद्र खोडनिया की मौजूदगी में पंचायत समिति सागवाडा से नेहरू मार्केट स्थित दांडी यात्रा के स्टेचू तक जुलूस निकाला गया

सागवाडा । राष्ट्रपिता महात्मा गांधी की जयंती पर रविवार को नगर पालिका सागवाडा की ओर से विविध आयोजन किए गए। आयोजनों की कडी में नगरपालिका अध्यक्ष नरेंद्र खोडनिया की मौजूदगी में पंचायत समिति सागवाडा से नेहरू मार्केट स्थित दांडी यात्रा के स्टेचू तक जुलूस निकाला गया।

प्रधान ईश्वर सरपोटा, एसडीएम रामचंद्र खटिक, नगर पालिका के अधिशासी अधिकारी अभिषेक शर्मा, विकास अधिकारी मूलाराम सोलंकी की मौजूदगी में जुलूस दांडी यात्रा स्टेचू पर पहुँचा जहाँ महात्मा गांधी सहित शहीदों की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर श्रद्धांजलि अर्पित की गई। इस दौरान पार्षद प्रदीप जोशी को सहित नगर पालिका कर्मचारी मौजूद रहे। इससे पूर्व पंचायत समिति सभागार में भी आयोजन किया गया।

कलेक्ट्री में गांधीजी की मूर्ति पर चढ़ाई फूल माला, निकाली प्रभात फेरी

राष्ट्रपिता महात्मा गांधी जयंती और विश्व अहिंसा दिवस पर आज गांधीजी को याद करते हुए उनके बताएं मार्ग पर चलने की सीख दी गई। अफसरों से लेकर नेताओ और बच्चों ने गांधीजी को नमन

किया। गांधीजी बने बच्चों के साथ ही राज्यमंत्री, कलेक्टर, एसपी प्रभातफेरी के रूप में चले। बापू के प्रिय भजन गाए और सर्वधर्म प्रार्थना सभा में अहिंसा के मार्ग पर चलने के लिए प्रेरित किया। सबसे पहले एससी वित्त एवं विकास निगम के अध्यक्ष डॉ शंकर यादव, पूर्व सांसद ताराचंद भगोरा, कलेक्टर डॉ इंद्रजीत यादव, एडीएम हेमेंद्र नागर, सीईओ दीपेंद्र सिंह समेत कई अधिकारियों, स्कूली बच्चों में गांधीजी की मूर्ति पर माल्यार्पण किया। विधायक गणेश घोघरा, एसपी राशि डोगरा डूडी भी शामिल हुए। बापू के प्रिय भजन 'रघुपति राघव राजा राम पति तपावन सीताराम...' गाया।

मानस मंडल सागवाड़ा का संगीतमय सुन्दरकाण्ड पाठ व भजन संध्या का आयोजन

सागवाडा। मानस मंडल सेवा संस्थान सागवाड़ा नवरात्रि के पावन अवसर पर संगीतमय सुन्दरकाण्ड पाठ व भजन संध्या का आयोजन राज मोटर लैंड प्रतिस्थान में हुआ।सर्व प्रथम यजमान परिवार द्वारा मंडल के सभी सदस्यों को पुष्पमाला व उपरना ओढ़ाकर स्वागत किया।गणपति पूजन विनोद गर्ग व सरस्वती वंदना राजेन्द्र पंचाल द्वारा करने के पश्चात संगीतमय सुन्दरकाण्ड पाठ की चौपाइयों का गान सौरभ भट्ट व जितेंद्र भट्ट द्वारा की गई।कार्यक्रम के दौरान मंडल के अध्यक्ष किशोर भावसार ने खोलो खोलो माँ मंदिर के द्वार..जुगलकिशोर ढोलिडा ढ़ोल धीमो धीमो वगाड़ना .....नरेंद्र सोमपुरा ने रसियो रूपालों रंग रेलियो घेर जावू गमतु नथी....प्रीतम पंचाल ने बाबा भोलेनाथ मेरी नैया को उबारो..भजन व गरबो पर उपस्थित श्रद्धालु झूम उठे । विभिन्न वाद्ययंत्रों पर प्रणय सोनी,रवि झांगिड़,प्रह्लाद भट्ट जेठाणा,उत्सव सुथार,धार्मिक,लोकेश दर्जी ,प्रकाश सुथार ने संगत दी। हनुमान चालीसा का पाठ बालमुकुंद भट्ट द्वारा किया गया। अंत मे आरती यजमान गौरव भूपेश सुथार परिवार द्वारा उतारी। इस अवसर पर राकेश मेहता, कमलेश रावल,मिलन व्यास, मयूर सेवक,वैभव,जयेश सोनी, भावेश जैन, पवन सुथार,जय स्वर्णकार दर्शन कटारा, प्रांशु भट्ट सहित कई भक्तजन मौजूद थे।

राहुल सेवक सिलोही बने धूलेविया युवा सेवक समाज खेल एवं शैक्षिक प्रकोष्ठ के अध्यक्ष

सागवाडा। युवा खेल कमेटी दीवडा बड़ा एवं ठाकरड़ा चोखला की बैठक समाज भवन सागवाड़ा में संपन्न हुई। जिसमें सर्वसम्मति से निम्न निर्णय लिए गया कि राहुल सेवक सिलोही पुन: अध्यक्ष रहेंगे एवं आगामी बैठक वार्षिक वॉलीबॉल खेल प्रतियोगिता 2022 के आयोजन हेतु रूपव रेखा तैयार की इस बीच सुभाष डेचा, राजेश, भावेश, गौरव,नरेश, प्रतीक, धीरज, जयेश, यशवंत, महेश, निकुंज, डायालाल सेवक आदि मौजद रहे ।

दवाओं की आड़ में शराब तस्करी, मिनी कंटेनर से 12 लाख की इम्पोर्टेड शराब के कार्टन बरामद, दो आरोपी गिरफ्तार

डूंगरपुर। जिले की बिछीवाडा थाने की रतनपुर पुलिस चौकी को शराब तस्करी के खिलाफ बड़ी सफलता हाथ लगी है। रतनपुर पुलिस चौकी ने राजस्थान-गुजरात के रतनपुर बोर्डर पर इम्पोर्टेड शराब से भरे एक मिनी कंटेनर को जब्त किया है। पुलिस ने 12 लाख की शराब बरामद करते हुए कंटेनर चालक सहित दो आरोपियों को गिरफ्तार किया है। आरोपी दवाओं की आड़ में शराब तस्करी कर रहे थे। फिलहाल पुलिस आरोपियों से पूछताछ कर रही है। डूंगरपुर जिले के बिछीवाडा थाने के थानाधिकारी अनिल देवल ने बताया की जिले में जिला पुलिस अधीक्षक राशि डोगरा के निर्देश पर अवैध शराब तस्करी के खिलाफ अभियान चलाया जा रहा है। इसी अभियान के तहत मुखबिर के जरिये एनएच-48 पर रतनपुर बोर्डर होकर गुजरात शराब तस्करी की सुचना मिली थी। सुचना पर बिछीवाडा थानाधिकारी अनिल देवल, रतनपुर चौकी प्रभारी गजराज सिंह, कांस्टेबल सुनील जांगिड सहित अन्य टीम ने रतनपुर बोर्डर पर नाकेबंदी शुरू की। नाकेबंदी के दौरान मुखबिर के बताये अनुसार एक मिनी कंटेनर को रोका गया। पूछताछ में चालक ने कंटनेर में दवाओं के कार्टन भरा होना बताया। जिस पर पुलिस ने कंटनेर खुलवाकर तलाशी ली। इस दौरान दवाओं के कार्टन की आड़ में बड़े कार्टन में इम्पोर्टेड शराब के कार्टन भरे हुए थे। जिस पर पुलिस ने कंटेनर को जब्त करते हुए चालक सहित दो आरोपियों को हिरासत में लिया। पुलिस ने शराब की गिनती की तो कंटेनर से इम्पोर्टेड शराब के 48 कार्टन बरामद किये। बिछीवाडा थानाधिकारी अनिल देवल ने बताया की आबकारी अधिनियम में मामला दर्ज करते हुए यूपी निवासी विपिन बिहारी यादव और शैकी सिंह को गिरफ्तार किया है।

एटीएम लूट का प्रयास और शोरूम से चोरी का खुलासा

1 आरोपी गिरफ्तार, 2 नाबालिग डिटेन, अन्य वारदातें भी कबूली

डूंगरपुर। कैंनरा बैंक के एटीएम लूट का प्रयास और शोरूम से बाइक चोरी की वारदात का पुलिस ने खुलासा कर दिया है। कोतवाली पुलिस ने मामले में एक आरोपी को गिरफ्तार किया है, जबकि 2 नाबालिग को डिटेन किया है। कोतवाली सीआई सुरेंद्र सिंह ने बताया की 15 सितंबर को मुरारीलाल उपाध्याय पुत्र रामजीलाल उपाध्याय निवासी घाटी मोहल्ला डूंगरपुर ने रिपोर्ट दर्ज करवाई थी। इसमें बताया था की वह सोम कमला आंबा ऑफिस के सामने केटीएम राजमंदिर शोरूम का मैनेजर है। शोरूम बंद कर घर गए थे। दूसरे दिन आकर देखा तो चोर शटर तोड़कर एक लैपटॉप, जियो का फोन, टच स्क्रीन फोन, एक टेबलेट, एक केटीएम बाइक और पुरानी गाड़ियों की चाबियां चुराकर ले गए थे। वहीं, चोरों ने लक्ष्मण मैदान के पास केनरा बैंक के एटीएम को तोड़कर लूटपाट का प्रयास किया, लेकिन एटीएम नहीं टूटने से चोरी की वारदात बच गई थी। सीआई सुरेंद्र सिंह ने बताया की मामले में जांच के दौरान कई सुराग मिले। इस पर एक आरोपी संदीप (18) पुत्र गोविंद खराड़ी निवासी लोडवाड़ा थाना सागवाड़ा को हिरासत में लेकर पूछताछ की गई। आरोपी संदीप ने अपने 2 नाबालिग साथियों के साथ मिलकर शोरूम से बाइक चोरी और कैनरा बैंक के एटीएम तोड़ने के प्रयास की वारदात कबूल कर ली। इस पर पुलिस ने आरोपी संदीप को गिरफ्तार कर लिया है। वहीं, नाबालिग आरोपियों को भी डिटेन कर लिया है। आरोपियों ने बलवाड़ा, माडा रोड पर वाहनधारियों को रोककर मारपीट की वारदातें कबूल की हैं।

पादरड़ी में आर्युवेद चिकित्सा शिविर 7 को

सागवाड़ा। राजकीय आयुर्वेद चिकित्सालय सागवाडा द्वारा जरावस्था लघु शिविर का आयोजन 7 अक्टूबर को राजकीय आयुर्वेद औषधालय पादरड़ी बड़ी में किया जाएगा। उपनिदेशक डॉ. प्रदीप कुमार उपाध्याय और सहायक निदेशक डॉ. विजय कुमार जोशी के सानिध्य में सुबह 10 बजे शिविर प्रारंभ होगा।ब्लाक चिकित्साधिकारी डॉ. ललित कुमार स्वर्णकार ने बताया कि 7 अक्टूबर को पादरड़ी बड़ी और 21 अक्टूबर को हड़माला में जरावस्था लघु शिविर का आयोजन होगा। शिविर में 60 वर्ष से अधिक उम्र के रोगियों की जांच कर मौके पर ही चिकित्सा सुविधा उपलब्ध कराई जाएगी।

तुलसीराम व्यास राज्य स्तर पर हुए सम्मानित

सागवाड़ा। अंतराष्ट्रीय वृद्धजन दिवस पर जयपुर में हुए राज्य स्तरीय सम्मान समारोह में वान्दरवेड निवासी तुलसीराम व्यास को सम्मानित किया गया। जयपुर में आयोजित कार्यक्रम में राजस्थान सरकार के कैबिनेट मंत्री टीकाराम मौली द्वारा व्यास को सेवानिवृत्ती के बाद गायत्री शक्तिपीठ के माध्यम से नशा उन्मुलन, छात्रावास भवन निर्माण एवं संस्कृति संरक्षण के उत्कर्ष कार्य के लिए दिया गया हैं।

सांसद के साथ भाजपा कार्यकर्ताओं ने आत्म बिलकुल गांधी व शास्त्री जयंती पर की सफाई

सागवाड़ा। बाँसवाड़ा डूंगरपुर सांसद कनकमल कटारा के नेतृत्व में भाजपा नगर मंडल द्वारा राष्ट्रपिता महात्मा गांधी व पूर्व प्रधानमंत्री लाल बहादुर शास्त्री की जयंती पर शहर के गमरेश्वर महादेव मंदिर परिसर में झाड़ू लगाकर शहर की जनता को स्वच्छता का संदेश दिया। इस दौरान भाजपा के कार्यकर्ता सांसद कटारा के साथ नजदीकी खादी ग्रामाद्योग की दुकान पर पहुँचे एवं खादी से बनी वस्तुओं की खरीददारी की। महात्मा गांधी एवं लाल बहादुर शास्त्री की तस्वीर पर माल्यार्पण कर उनको श्रदांजलि अर्पित की। कार्यक्रम नगर अध्यक्ष श्याम भट्ट,

सेवा पखवाड़े के नगर संयोजक नानालाल दर्जी, सह संयोजक दशरथ बखटिक, सागवाडा विधानसभा के विस्तारक लालूराम पटेल, नगर महामंत्री मनोज कंसारा, अनुसूचित जाति मोर्चा के जिला महामंत्री यशवन्त गवारिया, नगर उपाध्यक्ष कांतिलाल खटिक, अनुसूचित जाति मोर्चा नगर अध्यक्ष जगदीश मोची, नगर उपाध्यक्ष अश्विन जैन, योगेश जैन, राधेकृष्ण टेलर, युवा मोर्चा नगर अध्यक्ष प्रियंक भासरिया, महामंत्री जुगल पंवार, जशनिल जैन, लक्ष्य पंचाल, दीपेश परमार, सुभाष खटिक सहित कई कार्यकर्ता मौजूद रहे।

अखिल भारतीय क्षत्रिय महासभा सागवाड़ा की बैठक आयोजित

सागवाड़ा। अखिल भारतीय क्षत्रिय महासभा सागवाड़ा की बैठक सनरोज महाविद्यालय सागवाडा में हुई जिसमें उपखण्ड क्षेत्र के विभिन्न गावों के क्षत्रियों ने भाग लिया। बैठक के प्रारम्भ में ब्लॉक महामंत्री ने उपस्थित सभी क्षत्रियों का स्वागत करते हुए ब्लॉक सागवाडा के कार्यकारिणी के निर्विरोध चुनाव सम्पन्न कराने पर धन्यवाद ज्ञापित किया। बैठक की अध्यक्षता ब्लॉक अध्यक्ष रामचन्द्र सिंह बुचिया ने की व मुख्य अतिथि जिला संरक्षक नाहर सिंह गुलाबपुरा व विशिष्ट अतिथि वरिष्ठ उपाध्यक्ष दशवन्त सिंह चिबुडा, जिला उपाध्यक्ष करण सिहं पारडा वगेरी के सानिध्य में बैठक आयोजित की गई। सर्व प्रथम बैठक सम्बोधित करते हुए जिला संरक्षक नाहर सिंह गुलाबपुरा ने बताया की जिला अध्यक्ष से ब्लॉक कार्य कारिणी के विस्तार की अनुमति ली गई है । उन्होंने कहा कि अखिल भारतीय क्षत्रिय महासभा के तत्वाधान में सागवाड़ा उपशाखा के कार्यकारिणी का विस्तार किया गया है तथा हमारा उद्देश्य समाज के हर परिवार को जोड़ना हैं तथा उनको सरकारी मूलभूत योजनाओं के बारें में जानकारी देकर सरकारी योजनाओं को लाभ दिलाने हेतु एक टीम का गठन किया जायेगा जो गांव गांव जाकर हमारे समाज के व्यक्तियों को योजनाओं का लाभ दिलाने का कार्य किया जायेगा । साथ ही हमारे संगठन द्वारा एक कार्य योजना बनाकर जिले में अध्ययनरत प्रतियोगी परिक्षाओं में भाग लेने वाले सभी प्रतिभावान बालक - बालिकाओं को सफलता प्राप्त करने हेतु एक शिक्षा कमेठी शिक्षाविद दशवंत सिंह चिबुडा की अध्यक्षता में बनायी जायेगी । जिससे समाज के प्रतिभावान बालक - बालिकाओं को सहयोग व सुविधा देकर उन्हें लक्ष्य प्रदान करने हेतु प्रोत्साहन किया जाये, साथ ही जिले में महिलाओं को जोड़ने हेतु ब्लाक एवं जिला स्तर पर महिलाओं की मीटींग बुलाकर हमारे जिले के अखिल भारतीय क्षत्रिय महासभा जिला के संरक्षक युवराणी साहिबा के सानिध्य में महिला संगठन बनाने का निर्णय लिया गया। अत: वर्तमान समय में संस्कारी शिक्षा पर जोर देते हुए उन्होंने उपखण्ड स्तर पर समाज के प्रतिभावान बालक - बालिकाओं की पढाई व प्रतियोगी परिक्षाओं की तैयारी हेतु माँ सूरज कुंवर ग्रुफ ऑफ एज्यकेशन , सूरज नगर उदयपुर लिंक रोड़ तह . सागवाड़ा में स्थापित पुस्तकालय हाल में नि:शुल्क अध्ययन कर सकेंगें । उनके लिए सिर्फ महाविद्यालय समय में एक सादा फार्म भरकर देना है । उक्त पुस्तकालय में सभी प्रतियोगी परिक्षाओं की पुस्तकें उपलब्ध हैं साथ ही पानी , बिजली , कुर्सी , टेबल व वाहन पार्किंग आदी सभी वस्तुएं नि:शुल्क उपलब्ध करायी जायेगी। कार्यकारिणी संरक्षक रिपुरमन सिंह वमासा, शैलेन्द्रसिंह वगेरी, दीपसिंह पारडा मोरू, महीपाल सिंह लक्ष्मण सिंह वरदा, रामसिंहजी ओबरी व ब्लॉक उपाध्यक्ष भोपाल सिंह पादरडी छोटी, जोरावर सिंह गुलाबपुरा, सज्जनसिंह पारडा मोरू, प्रवीण सिंह मटुवर तथा संगठन मंत्री नरेन्द्र सिंह चिबुडा, रणजीत सिंह सरोदा, राजेन्द्र सिंह पारडा मोरू, किशोर सिंह घोडापला, शैलेन्द्र सिंह ठाकरडा, राजकुमार सिंह पुर्नवास कोलॉनी, संयुक्त मंत्री जसवन्त सिंह लिम्बोड, सुरेन्द्र सिंह वगेरी, गजराज सिंह बुचिया बड़ा, धनेन्द्र पाल सिंह ठाकरडा, ईश्वर सिंह वाडा गोवाडी को सर्वसम्मती से मनोनीत किया गया।

सूनी सड़को पर समाज कंटको का आतंक, बीती रात अज्ञात बदमाशों ने कार पर किया पथराव, शीशे टूटने से कार सवार लोगो को आई चोट

आसपुर। डूंगरपुर जिले के दोवड़ा थाना क्षेत्र में दोवड़ा-डूंगरपुर मार्ग पर रणसागर तालाब के पास बीती रात अज्ञात बदमाशों ने एक कार पर पथराव कर दिया। पथराव से कार के शीशे टूट गए। जिससे कार सवार लोगो को चोट लगी है। कार चालक ने दोवड़ा थाने की ऊपर गांव पुलिस चौकी में रिपोर्ट दी है। पुलिस बदमाशो की तलाश में जुटी है। डूंगरपुर जिले में रात्रि में सड़कों पर निकलना लोगो के लिए किसी संकट से कम नही है। आये दिन रात्रि में वाहनों पर पथराव व शराब के लिए पैसे मांगने ओर नही देने पर मारपीट की घटनाएं सामने आ रही है। इसी तरह बीती रात दोवड़ा थाना क्षेत्र में भी एक ऐसी ही घटना हुई। दरअसल दोवड़ा थाना क्षेत्र के नेजपुर गांव निवासी धनजी भाई पटेल, रमेश पटेल अपने दो अन्य साथियों के साथ कार में उदयपुर के ख़ाकल देव मंदिर दर्शन करने गए थे। बीती रात चारो कार से वापस अपने घर नेजपुर लौट रहे थे। इस दौरान दोवड़ा-डूंगरपुर मार्ग पर जब वे पहुंचे तो रणसागर के पास लालगिरी मठ में भजन संध्या का पता चलने पर वे मठ की ओर रवाना हुए। इस दौरान मठ जाते समय रणसागर तालाब के पास 8 से 9 बदमाशो ने उनकी कार पर पथराव कर दिया। पथराव से कार का पीछे का शीशा टूटकर बिखर गया। वही कार चालक धनजी भाई के पीठ पर पत्थर लगने से चोट लगी वही अन्य लोगो को भी मामूली चोट आई है। इधर कार में 4 लौग होने के चलते बदमाश वहां से भाग गए। वही कार सवार लोगो ने दोवड़ा थाने की उपरगांव चौकी पुलिस को सूचना दी। सूचना पर पुलिस मौके पर पहुंची और घटना की जानकारी ली। इधर पुलिस ने कार चालक की रिपोर्ट पर मामला दर्ज कर बदमाशो की तलाश शुरु कर दी है। इधर आये दिन हो रही इन घटनाओं से ग्रामीणों में आक्रोश व्याप्त है।

जयकारों के साथ हुई पद्मावती माताजी की पूजा

सागवाड़ा। श्री शांतिनाथ दिगम्बर जैन मंदिर सोनियाजी में नवरात्रि के चलते प्रतिष्ठाचार्य पंडित जनक शास्त्री के सानिध्य में रविवार को पद्मावती माता की पूजा हुई।

सुबह में श्रीजी का पंचामृत अभिषेक और महा शांति धारा के बाद संकलिकरन दिकबन्धन, श्रृंगार, पूजा और पदमावती माता की गोद भराई तथा 108 श्रीफल युक्त मंडप पर महा पूजा हूई व विश्व शांति महायज्ञ हुआ। गरबा रास व महा आरती के साथ शांति पाठ विसर्जन हुआ। मूलनायक 1008 श्री शांतिधारा का लाभ राजेन्द्र कुमार छगनलाल गांधी व शांतिधारा का लाभ बोबड़ा चिराग कुमार नगीन लाल व पद्मावती माता का अभिषेक का लाभ शाह नरेंद्र कुमार मनालाल परिवार ने लिया। वहीं ओम फट स्वहा रागिनी दैवी प्रवीण कुमार सेठ व शीतल दैवी प्रमोद कुमार संघवी ने लिया। संचालन अश्विन बोबड़ा ने किया।

जिसमें समाज के महिला ,पुरुष व सभी धर्म प्रेमी बंधुओ ने भाग लिया।